दिन– गुरुवार दिनांक– 02/07/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश के सभी प्रमंडलों में विशेष निगरानी अदालतों की होगी स्थापना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा–ट्रिपल टी से भ्रष्टाचार मुक्त होगा बिहार।

02. निर्वाचन आयोग ने पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा की। तीस जुलाई को मतदान और तीन अगस्त को होगी मतगणना।

03. पटना मेट्रो का आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक हुआ विस्तार। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विस्तारित कॉरिडोर का शुभारंभ किया।

04. और, बेंगलुरु दक्षिण तालुक में एक चट्टान के गिरने से बिहार के कई श्रमिकों की मौत। प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने हादसे पर गहरा दुख जताया।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के सभी प्रमंडलों में निगरानी की विशेष अदालतों की स्थापना की जायेगी। साथ ही प्रत्येक जिले में निगरानी थाने और सभी अनुमंडलों में निगरानी ओपी खोले जायेंगे। श्री चौधरी पटना में बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

–––साउंड बाईट–––

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पारदर्शी प्रशासन के लिए ट्रिपल–टी – टेक्नालॉजी, ट्रांसपेरेंसी और ट्रस्ट के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने लोगों से भ्रष्टाचार मुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

–––साउंड बाईट–––

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस पर राज्य सरकार के सभी कार्यालयों में कर्मियों को सतर्कता की शपथ दिलायी गयी।

---

निर्वाचन आयोग ने पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस सीट के लिए तीस जुलाई को मतदान होगा। चुनाव की अधिसूचना छह जुलाई को जारी होगी और इसी दिन से नामांकन पत्र भरने का काम भी शुरू हो जायेगा। प्रत्याशी तेरह जुलाई तक नामांकन कर सकेंगे। चौदह जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नाम वापसी की अंतिम तिथि सोलह जुलाई निर्धारित

है। मतों की गिनती तीन अगस्त को होगी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्राथमिक कॉरिडोर के तहत मलाही पकड़ी तक मेट्रो सेवा के विस्तार का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने खेमनीचक और मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का लोकार्पण भी किया। ब्यौरा हमारे संवाददाता–

–––साउंड बाईट–––

पटना में मेट्रो रेल सेवा का विस्तार अब आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक हो गया है। पूरे रूट की लम्बाई छह दशमलव दो किलोमीटर है। यह दूरी पन्द्रह मिनट में तय होगी। आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक का किराया तीस रूपये निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव और नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा सहित कई गणमान्य लोगों ने मेट्रो में यात्रा भी की। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम देश में रोजगार सुनिश्चित करने, ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने और गांवों के विकास में तेजी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री चौहान आज तिरुपति में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गरीब मजदूर बेरोजगार न रहे और सभी को रोजगार मिले।

–––साउंड बाईट–––

मनरेगा में केवल सौ दिन रोजगार मिलता था। विकसित भारत जीरामजी योजना में पूरे 125 दिन मजदूर को रोजगार मिलेगा और रोजगार देने की बात प्रधानमंत्री ऐसे नहीं कह रहे हैं। पहले साल ही विकसित भारत जीरामजी योजना में केंद्र ने जो अपना पैसा दिया है वो है 95 हजार छह सौ करोड़ रूपया और राज्यों का 40 परसेंट शेयर मिलेगा तो एक साल में ही खर्च होंगे एक लाख 51 हजार 282 करोड़ रूपया।

---

पंचायती राज मंत्रालय कल नई दिल्ली में विभिन्न राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करेगा। इसमें सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। कार्यशाला में केंद्रीय राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल भी उपस्थित रहेंगे। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सर्वोत्तम प्रथाएं साझा की जाएंगी और कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों पर चर्चा होगी। विचार–विमर्श में केंद्र–राज्य सहयोग को मजबूती मिलने और वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की

परिकल्पना के अनुरूप पंचायतों को बेहतर सुशासन, अवसंरचना, सार्वजनिक सेवाएं और समावेशी ग्रामीण विकास के लिए सहायता मिलने की संभावना है।

———————————————————

कृषि विभाग ने किसानों को सस्ती कोल्ड स्टोरेज सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नई पहल की है। चौथे कृषि रोड मैप के तहत कोल्ड स्टोरेज में सौर ऊर्जा प्रणाली लगाने पर पचास प्रतिशत या सत्रह लाख पचास हजार रूपये तक का अनुदान दिया जायेगा। योजना के तहत पचास कोल्ड स्टोरेजों को सौर ऊर्जा से संचालित करने का लक्ष्य है। यह योजना कोल्ड स्टोरेज की सुविधा की कमी वाले बारह जिलों– मधुबनी, नवादा, औरंगाबाद, बांका, सहरसा, जमुई, मुंगेर, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा, अरवल और शिवहर में लागू होगी। लाभुकों का चयन पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। इच्छुक कोल्ड स्टोरेज संचालक बिहार कृषि एप पर आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————

प्रदेश में आगामी चौदह अगस्त तक एक करोड़ लोगों की टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मिशन मोड में अभियान चलाकर लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। टीबी–मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक में बताया गया कि राज्य की दो करोड़ छिहत्तर लाख लक्षित आबादी में अब तक उनतालीस लाख लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। यह लक्ष्य का केवल चौदह प्रतिशत है।

———————————————————

बेंगलुरु दक्षिण तालुक में एक चट्टान के गिरने से सात प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन के अनुसार मृतकों में बिहार के रहने वाले कई श्रमिक भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुये शोक–संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जतायी है।

———————————————————

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और विदेश मामलों के राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा कल ईरान के सर्वोच्च नेता ग्रैंड आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि समारोह में

उच्च स्तरीय उपस्थिति दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है। यह राजनीतिक और आर्थिक संबंधों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से आज पटना, बक्सर, सारण, वैशाली, बेगूसराय और खगड़िया समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर के अधवारा में सबसे अधिक छियासी दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की सम्भावना है। राज्य के उत्तर–पूर्वी, दक्षिण–पूर्वी और दक्षिण–पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर धूलभरी आंधी के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———साउंड बाईट———

इधर, बारिश होने से अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सीवान का जीरादेई सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान पैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा–दो हजार छब्बीस की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी कर दी है। अभ्यर्थी पांच जुलाई तक इस पर ऑनलाइन आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम जारी किए जाएंगे।

———————————————————————

मधुबनी जिले के ऐतिहासिक सौराठ सभागाछी में पारंपरिक सौराठ सभा की आज से शुरूआत हुई। मिथिला की इस प्राचीन वैवाहिक परंपरा में बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों से मैथिल ब्राह्मण परिवार विवाह योग्य वर और वधू के संबंध तय करने के लिए पहुँचते हैं। सभा में पारंपरिक पंजी व्यवस्था के अनुरूप वंशावली और गोत्र का मिलान कर विवाह प्रस्तावों पर विचार किया जाता है। जिला प्रशासन ने सभा स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य सेवाओं सहित आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की है।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पटना से शिक्षा विभाग के वेतन सत्यापन कोषांग के अवर सचिव आमोद मिश्रा को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया

है। गिरफ्तार अधिकारी एक सेवानिवृत्त कर्मी से एरियर के भुगतान के एवज में रिश्वत ले रहा था।

---

सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नरसिंहभानपुर गांव में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गयी।

---

औरंगाबाद जिले के पौथू थाना क्षेत्र अन्तर्गत भताही मोड़ के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत हो गयी।

---

मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा से भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में एक किराने की दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गयी। अगलगी की घटनों में लाखों रूपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी। हादसे में एक युवक गम्भीर रूप से झुलस गया।

---

मधुबनी जिले के भेजा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बड़ाराही गांव में पुलिस ने एक व्यक्ति को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

---

सुपौल जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र के सुखासन पंचायत में पटवन के दौरान करंट लगने से एक किसान की मौत हो गयी।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वैन से तीन हजार लीटर पेट्रोल के साथ चालक और खलासी को गिरफ्तार किया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जय प्रकाश मौर्य ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पेट्रोल की गुणवत्ता संदेहास्पद पायी गयी है। पेट्रोल के नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जायेगा।

---

कटिहार जिले के मनिहारी आईटीआई के पास हथियारबंद अपराधियों ने एक निजी फाईनेंस कम्पनी के कर्मी से साठ हजार रूपये लूट लिये।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन के निर्देश पर कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पांच प्रखंडों में पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गयी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रदेश के सभी प्रमंडलों में विशेष निगरानी अदालतों की होगी स्थापना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा–ट्रिपल टी से भ्रष्टाचार मुक्त होगा बिहार।

02. निर्वाचन आयोग ने पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा की। तीस जुलाई को मतदान और तीन अगस्त को होगी मतगणना।

03. पटना मेट्रो का आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक हुआ विस्तार। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विस्तारित कॉरिडोर का शुभारंभ किया।

04. और, बेंगलुरु दक्षिण तालुक में एक चट्टान के गिरने से बिहार के कई श्रमिकों की मौत। प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने हादसे पर गहरा दुख जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।